## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी निर्माण पर एफआईआर दर्ज

**मण्डला।** राजस्व एवं नगर प्रशासन मंडला द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। तहसील महाराजपुर अंतर्गत पटवारी हल्का क्रमांक 34 में स्थित भूमि पर बिना अनुमति अवैध रूप से प्लॉटिंग एवं निर्माण कार्य किए जाने के मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महाराजपुर निवासी श्री अशोक कुमार राय द्वारा खसरा नंबर 306/4, रकबा 0.225 हेक्टेयर भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों (लगभग 32 प्लॉट) में विभाजित कर विक्रय किया गया तथा बिना सक्षम अनुमति के अवैध कॉलोनी का निर्माण किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि उक्त कृत्य नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339(ए), 339(ए-1) एवं 339(बी) के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। प्रकरण में आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत तहसीलदार मंडला द्वारा थाना महाराजपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस तरह की महाराजपुर क्षेत्र में ही और भी कॉलोनियाँ हैं जो विकसित की जा रही हैं और जिनके प्लाट बेचे भी जा चुके हैं इन कॉलोनाईजर द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुये प्लाटिंग की है जिसकी शासकीय रूप से अनुमति नहीं है जो ग्रीन जोन में आते हैं उन स्थानों पर भी धड़ल्ले से प्लाट काटकर निर्माण कार्य किये जा रहे हैं इन कॉलोनियों पर भी प्रशासन को कार्यवाही करना चाहिये।

### 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** आशाराम पिता श्री रामदीन निवासी ग्राम पड़रिया माल, तहसील निवास की 20 अक्टूबर 2024 को तालाब के पानी में नहाते समय डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## निर्माण सामग्री के नाम पर लाखों का फर्जी भुगतान

# भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी तिलईपानी पंचायत









*** अपूर्ण निर्माण कार्यो से परेशान ग्रामीणजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनपद पंचायत मण्डला अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तिलईपानी में भ्रष्टाचार की कहानी कोई नई नहीं है। वर्षो से यहां निर्माण कार्यो में फर्जीवाड़ा, हितग्राही मूलक योजनाओं में भाई-भतीजावाद, फर्जी मजदूरी भुगतान और वर्षो से अपूर्ण पड़े निर्माण कार्य इसकी गवाही देते हैं। ऐसा नहीं कि पहले इन अनियमितताओं की शिकायत नहीं की गई शिकायतें कई मर्तबा की गई शिकायतकर्ताओं द्वारा मय दस्तावेज के पंचायत प्रतिनिधियों के काले कारनामों को उजागर किया गया शिकायतों पर जांच का ढोंग भी रचा गया जांच प्रतिवेदन भी तैयार हुआ और जांच में पंचायत प्रतिनिधियों को दोषी भी बताया गया इसके बावूजद आज दिनांक तक किसी पर कोई वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई न ही किसी सचिव को निलंबित किया गया न ही रोजगार सहायक को हटाया गया और न ही सरपंच पर कोई दण्डात्मक कार्यवाही की गई और तो और लाखों के भुगतान को वसूलने की बातें जांच प्रतिवेदन में तो दर्शायी गई लेकिन किसी तरह की कोई वसूली नहीं हुई।

यही कारण है कि भ्रष्टाचारी पंचायत प्रतिनिधियों के हौंसले बुलंद हैं और भ्रष्टाचार का यह खेल वर्षो से जारी है कभी सचिव का स्थानांतरण कर दूसरे सचिव को पदस्थ कर दिया जाता है या समीपी ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक को यहां का भी काम देखने निर्देशित कर दिया जाता है इन आदेशों के बावूजद भी इन लोगों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार में किसी तरह की लगाम नहीं लग पाई।

यहां के ज्यादातर निवासी राजनैतिक मामलों से दूर रहते हैं वे अपने काम में ही इतने मशगूल रहते हैं कि उन्हें पंचायत के इन काले कारनामों की उतनी जानकारी नहीं होती। वह तो कुछ जागरूक लोग हैं जिनके द्वारा इन मामलों की पूरी जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को मय दस्तावेज के शिकायतें की गई लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ और सिर्फ कागजी कार्यवाही ही पूरी की जाती रही।

### बिना कोरम के लिये गये प्रस्ताव

निर्माण कार्यो से संबंधित निर्माण सामग्री के भुगतान एवं अन्य व्यय को लेकर जो प्रस्ताव जमा किये जाते हैं उनमें कोरम का आभाव नजर आता है अधिकांश प्रस्तावों में सिर्फ चुनिंदा पंचों के ही हस्ताक्षर होते हैं और इन्हीं के आधार पर लाखों का व्यय दर्शा दिया जाता है हजारों के भुगतान कर दिये जाते हैं और फर्जी प्रस्ताव बनाये जा रहे हैं।

### फर्जी मस्टररोल की भरमार

पिछले 4-5 सालों में जिस तरह से मजदूरी के नाम पर फर्जी भुगतान किये गये उसकी यदि गंभीरता से जांच कर ली जाये तो लाखों का फर्जीवाड़ा सामने आयेगा। काम कहीं और हुआ भुगतान किसी और काम का दर्शाया जा रहा है काम कोई और कर रहा है और भुगतान किसी और के नाम से निकाला जा रहा है। डिजीटल युग में रोजगार सहायकों द्वारा इस तरह की कलाकारी बड़ी आसानी से की जा रही है। कम पढ़े लिखे ग्रामीणों एवं पंचों को कम्प्यूटर की उतनी जानकारी नहीं होती ये लोग ऑनलाईन भुगतान को भी आसानी से नहीं समझ पाते और यही रोजगार सहायक अपना काम कर जाते हैं।

रोजगार सहायकों का जो वेतन है वह तो इनके एक हफ्ते का खर्च नहीं होता जिस तरह की जीवन शैली ये लोग जी रहे हैं उससे आसानी से समझा जा सकता है कि इनके द्वारा किस तरह फर्जी कमाई की जा रही है और हितग्राहियों के हकों पर डांका डाला जा रहा है निर्माण कार्यो में सेंधमारी की जा रही है तथा निर्माण सामग्री के भुगतान में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।

### सूचना के अधिकार का नहीं हो रहा पालन

ग्राम के जो जागरूक जन है उनके द्वारा यदि पंचायत सचिव या रोजगार सहायक से जानकारी मांगी जाती है तो उन्हें जानकारी नहीं दी जाती जब इन ग्रामीणों द्वारा सूचना के अधिकार का उपयोग करते हुये जानकारी हेतु आवेदन दिया जाता है तो उस पर भी ध्यान नहीं दिया जाता और निश्चित अवधि बीत जाने के बाद भी किसी तरह की जानकारी नहीं दी जा रही मजबूरन इन ग्रामवासियों को प्रथम अपीली अधिकारी की शरण में जाना पड़ रहा है और जब जनपद में भी ये सचिव या रोजगार सहायक जानकारी नहीं दे रहे तो अब जनपद के अधिकारी यह कह रहे हैं कि इन सचिव एवं रोजगार सहायक पर कार्यवाही की जायेगी।

प्रथम दृष्टया जो दस्तावेज सामने आये हैं और अधिकारियों द्वारा जो जांच की गई है उसमें रोजगार सहायक एवं सचिव भ्रष्टाचार में लिप्त पाये गये हैं निश्चित रूप से आने वाले समय में इन पर कार्यवाही की जायेगी ऐसा जनपद के अधिकारी बता रहे हैं लेकिन देखना होगा कि क्या कार्यवाही होती है या फिर पहले की भांति मामले को गोल-मोल कर दिया जायेगा।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 पर द्वादश ज्योतिर्लिंग रुद्राभिषेक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तथा सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर्ष 2026 को "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज शनिवार को जिला मुख्यालय के पावन माहिष्मती घाट स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग में रुद्र अभिषेक किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। रुद्र अभिषेक के माध्यम से भगवान शिव से राष्ट्र की अखंडता, सांस्कृतिक स्वाभिमान और सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की आस्था, सहनशीलता और पुनरुत्थान का जीवंत प्रतीक है। हजार वर्षों के संघर्षों के बावजूद सोमनाथ का पुनः वैभव के साथ खड़ा होना हमारी सभ्यता की अदम्य शक्ति को दर्शाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से आह्वान किया कि वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत चल रहे जन-अभियान से जुड़ें और 10 जनवरी को अपने-अपने क्षेत्र के शिवालयों में ॐकार मंत्र जाप एवं पूजा-अर्चना में भाग लें। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जयदत्त झा,शिवा रानू राजपूत, अखिल सिहारे,थामन बरमैया, विनय मिश्रा, सुधीर कसार, विनय तिवारी, नरेश कछवाहा, उमेश शुक्ला, सौरभ गुप्ता, रवि सोनवानी, सचिन शर्मा, सुधीर मिश्रा, दिनेश चौधरी, सुधीर दुबे, सुनील मिश्रा,बसंत चौधरी,मालती मरावी, बबीता अधिकारी, कमला टांडिया, विकास यादव, विवेक बिन्नू चंद्रोल, आनंद जैन, अमन अग्रवाल, सावन नीखन ऋषभ सिन्हा, अनुपम दीक्षित सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि सोमनाथ मंदिर की अखंडता, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है, जो पूरे वर्ष विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मनाया जाएगा।



## सड़क निर्माण की लागत न दर्शाने की क्या है वजह

**मण्डला।** शासन-प्रशासन में पारदर्शिता दिखाई दे इसके लिये निर्माण कार्यो से संबंधित जानकारी सार्वजनिक किये जाने के नियम बनाये गये इन नियमों के अंतर्गत निर्माण कार्यो में निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी सूचना पटल के माध्यम से निर्माण स्थल पर लगाने के आदेश जारी किये गये और निर्माण कार्यो में ऐसे सूचना पटल लगाये भी जा रहे हैं लेकिन जिन अधिकारियों की मंशा में ही खोट छुपा हो तो वे इन नियमों के पालन में भी कलाकारी दिखा ही देते हैं। अब जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जनमन योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण से संबंधित सूचना पटल निर्माण स्थल पर लगाये गये हैं यहां पर लगभग 4-5 सूचना पटल नजर आते हैं जिनमें निर्माण कार्यो से संबंधित जानकारी का उल्लेख किया गया है लेकिन बड़ी सफाई से जो सबसे महत्वपूर्ण जानकारी थी उसे नहीं दर्शाया गया। मार्ग का नाम, मार्ग की लम्बाई, पैकेज क्रमांक, कार्य प्रारंभ करने की दिनांक और ठेकेदार का नाम तथा क्रियान्वयन एजेंसी का तो उल्लेख किया गया है साथ ही मार्ग निर्माण का नक्शा भी दर्शाया गया है लेकिन इस सड़क निर्माण की लागत राशि क्या इसे खाली छोड़ दिया गया है। इसके साथ ही कार्य पूर्णता की दिनांक भी नहीं दर्शायी गई है जब इस संबंध में कार्य से संबंधित उपयंत्री से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि लागत राशि इसलिये नहीं दर्शायी गई है कि अभी तो हमें जानकारी ही नहीं कि इस कार्य में कितनी राशि खर्च होनी है जब कार्य पूरा हो जायेगा तब मालूम चलेगा कितना पैसा खर्च हुआ तो उसे इन बोर्डो में दर्शा दिया जायेगा साथ ही कार्य पूर्णता की दिनांक भी लिख दी जायेगी इस संबंध में जब उच्चाधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने ठेकेदार से बात कर लागत राशि एवं पूर्णता दिनांक को लिखवाने की बात कही।




## राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**मण्डला।** नगर के राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया टूर्नामेंट का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ तत्पश्चात पहला मुकाबला दादा 11 इंदिरा जी वार्ड एवं केसीसी 11 इंदिरा जी वार्ड की टीमों के बीच हुआ जिसमें रोमांचक मुकाबले में दादा 11 की टीम ने केसीसी 11 को तीन विकेट से पराजित कर जीत दर्ज की मैच की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा टॉस कराकर की गई टॉस जीतकर दादा 11 की टीम ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए केसीसी 11 की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में संघर्षपूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए 81 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी दादा 11 की टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडला विधायक श्रीमती संपतिया उईके, राजा उईके, पत्रकार परिषद जिलाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, प्रकाश ज्वेलर्स के संचालक प्रदीप सोनी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद श्रीमती रश्मि पटेल, बैसाखु नंदा सहित वार्ड की मातृ शक्तियां, युवा साथी, वरिष्ठ नागरिक एवं बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया और कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन युवाओं को नशे व गलत प्रवृत्तियों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढऩे की प्रेरणा देते हैं खेल से अनुशासन, भाईचारा एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है मैच के सफल आयोजन में आयोजन समिति, स्काई ब्लू टीम एवं समस्त वार्डवासियों का विशेष योगदान रहा।

**कार्यवाही** | **एक्सपायरी डेट की कीटनाशक के साथ गंभीर अनियमितताओं पर कराई एफआईआर।**

# बम्हनी साहू कृषि केन्द्र को किया गया सील

*** कृषि विभाग पर भी उठ रहे सवाल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिलेभर में खाद बीज और कीटनाशक की कालाबाजारी तो कहीं घटिया सामग्री विक्रय किए जाने की जानकारी सामने आ रही हैं। लायसेंस धारी दुकानधार भी किसानों को ठगने से बाज नही आ रहे हैं। हर दिन कहीं न कहीं किसानों को ठगे जाने की जानकारी सामने आ ही जाती है किसानों को ऊचें दामों में खाद बेची जा रही है तो वहीं अमानक बीज भी किसानों को बेचा जाता है। वहीं एक्सपायरी डेट की कीटनाशक भी किसानों को टिका दी जाती है। अशिक्षित किसान इनके झासे में फंस ही जाता है वहीं दुकानदार किसानों को बिल भी नही दे रहे हैं। इस पूरे खेल में जिले की कुछ चुनिंदा दुकानों के नाम सामने आए हैं जो चंद रूपए की लालच में किसानों को ठगने का काम कर रहे हैं। जो कि लंबे समय से नकली बीज और नकली कीटनाशक बेच रहे हैं। सूत्र यह भी कहते है कि कई नामी कम्पनियों के रेपर पन्नी लाकर घटिया बीज भरकर पैकिंग की जा रही है और उसे सीजन के समय बेचा जाता है। ऐसा ही एक ठगबाज दुकानदार कृषि विभाग के हत्थे लगा है। सूत्रों से मिली जानकारी के बाद





कृषि विभाग के उपसंचालक अश्वनी झारिया अपनी टीम के साथ बम्हनी स्थित साहू कृषि केन्द्र में छापा मारा जहां पर डेर सारी अनिमिताएं देख दल के होश उड़ गए। यहां पर एक्सपायरी हो चुकें कीटनाशक के साथ कई कम्पनियों के बीज भी मिले हैं जिनके दस्तावेजों में लापरवाही है। सूत्रों का यह भी कहना है कि दुकानदार मामला सेट करने को लेकर अधिकारियों पर दबाव बना रहा था लेकिन अधिकारी ने एक न सुनी और कार्यवाही के बाद दुकान को सील कर दिया वहीं बम्हनी थाने में संबंधित दुकानदार की एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। थाना बम्हनी क्षेत्र अंतर्गत कीटनाशक विक्रय में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर पुलिस ने मेसर्स साहू कृषि केंद्र बम्हनी बंजर के संचालक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। थाना बम्हनी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 9 जनवरी 2026 को आवेदक अरविंद कुमार वर्मा पिता हरिराम वर्मा उम्र 47 वर्ष सहायक संचालक कृषि एवं पदेन निरीक्षक कीटनाशक/ उर्वरक/बीज कार्यालय उपसंचालक कृषि चिलमन चौक मंडला, अपने हमराह रामकिशोर सैयाम कृषि विस्तार अधिकारी मंडला के साथ थाना बम्हनी उपस्थित हुए। उनके द्वारा एक टाइपशुदा आवेदन पत्र के साथ निरीक्षण रिपोर्ट, पंचनामा एवं सुपुर्दनामा प्रस्तुत किया गया। आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया कि 8 जनवरी 2026 को मनीष साहू पिता लेखराम साहू निवासी बम्हनी बंजर द्वारा संचालित कीटनाशक विक्रय संस्थान मेसर्स साहू कृषि केंद्र बम्हनी बंजर का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि संस्थान द्वारा मिथ्या कथन अंकित कीटनाशक उत्पादों का विक्रय किया जा रहा था। साथ ही अवसान तिथि एक्सपायरी डेट समाप्त हो चुके कीटनाशक उत्पादों को विक्रय हेतु भंडारित किया गया था। इसके अतिरिक्त निर्धारित दस्तावेज जैसे स्टॉक पंजी, क्रय बिल एवं विक्रय बिल-बुक का संधारण नहीं किया गया था। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि सल्फर के भंडारण, स्टॉक एवं विक्रय की जानकारी पृथक रूप से संधारित नहीं की गई थी। कृषि विभाग के अनुसार यह कृत्य कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं कीटनाशक नियम 1971 का स्पष्ट उल्लंघन है। मिथ्या कथन अंकित उत्पाद का विक्रय किया जाना कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 3 सहपठित धारा 17 एवं 18 का उल्लंघन है। अवसान तिथि के उत्पादों का भंडारण कीटनाशक नियम 1971 की धारा 10(ए) का उल्लंघन है। निर्धारित दस्तावेजों का संधारण न करना नियम 15 तथा सल्फर के पृथक स्टॉक व विक्रय विवरण का अभाव नियम 10(बी) का उल्लंघन पाया गया। आवेदन पत्र का थाना आराज क्रमांक 07/26 दिनांक 09/01/2026 दर्ज किया गया। प्रथम दृष्टया आरोपी का कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर थाना बम्हनी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस संबंध में कृषि विभाग द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट पंचनामा एवं सुपुर्दनामा संलग्न कर पुलिस को कार्रवाई हेतु सौंपा गया है।

### इनका कहना-

*जिले में किसी भी खाद बीज और कीटनाशक के विक्रय दुकानदारों के द्वारा कालाबाजारी या नकली सामग्री या एक्सपायरी डेट की सामग्री व अधिक रेट में सामग्री दी जाती है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होगी।*

***-अश्वनी झारिया,***
**उपसंचालक कृषि विभाग मंडला**

## कल्पतरु ने मनाया सडक़ सुरक्षा दिवस, बांटे हेलमेट, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा 37 वां सडक़ सुरक्षा दिवस उत्साह और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक करना एवं सुरक्षित यातायात के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा कार्यक्रम के दौरान कंपनी द्वारा सडक़ पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति प्रेरित करने हेतु कुल 30 क्रैश हेलमेट वितरित किए गए इसके साथ ही राहगीरों एवं वाहन चालकों को गुलाब और चॉकलेट भेंटकर उन्हें यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित ड्राइविंग का संदेश दिया गया इस जागरूकता कार्यक्रम में महाराजपुर थाना प्रभारी एवं यातायात पुलिस निरीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति रही जिससे कार्यक्रम की महत्ता और प्रभावशीलता और अधिक बढ़ गई। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड की ओर से परियोजना प्रबंधक अजय यादव, सेफ्टी इंचार्ज अमित शर्मा सहित विजय तिवारी, शशिकांत सिंह, जसप्रीत सिंह, कौस्तुभ, जितेंद्र एवं विजेंद्र विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक अजय यादव ने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने गति सीमा का पालन करने शराब पीकर वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने की अपील की। वहीं सेफ्टी इंचार्ज अमित शर्मा कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केवल प्रशासन ही नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी और सहभागिता आवश्यक है। इस अवसर पर यातायात थाना सूबेदार योगेश राजपूत ने पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में चलाए जा रहे राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह के तहत सडक़ सुरक्षा, जीवन रक्षा तथा नियमों के उल्लंघन से होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं और मृत्यु के कारणों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों को यातायात पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया जिनमें राहवीर योजना, हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना-2022 के अंतर्गत दो लाख रुपये की सहायता, कैशलैस इलाज की सुविधा तथा इन योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया शामिल है पुलिस अधिकारियों ने कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा किए गए इस सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी ललित धुर्वे, महाराजपुर थाना प्रभारी, यातायात थाना सूबेदार योगेश राजपूत सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# विश्व हिन्दी दिवस पर मात्र बधाई संदेश देने के लिये ही याद की जा रही राष्ट्र भाषा, कार्यक्रमों में नाम पर औपचारिकता निभाते हुये एक साल के लिये फिर फाईलों में दबकर रहे जावेगी हमारी मात्र भाषा हिन्दी...

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

हर क्षेत्र में लगातार अंग्रेजी भाषा का बोल बाला होने के चलते हमारे देश की राष्ट्रभाषा हिन्दी को मात्र साल में दो दिन यानि की विश्व हिन्दी दिवस या फिर राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के मौके पर बधाई संदेश देने तक ही सीमित होकर रहते हुये जान पड़ रही है..? जिसकी सच्चाई कल शनिवार को विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर देखने मिली जब दिन भर सोसल मीडिया पर विश्व हिन्दी दिवस को लेकर बधाईयों के संदेश तो चलते हुये देखे गये। मगर सरकारी से लेकर निजी कार्यालयों सहित बैकों में वही अग्रेंजी भाषा का साम्राज्य देखने मिला..। क्योंकि विश्व हिन्दी दिवस के मौके पर निश्चित तौर से जहां तहां शासकीय कार्यालयों में हिन्दी भाषा को याद करते हुये कार्यक्रमों में नाम पर औपचारिकता निभाई गई। क्योंकि विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर लोगों द्वारा जहां हिन्दी भाषा को याद जरूर किया जाता है। मगर वह मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होने से नही चूक पाता है और लोग अंग्रेजी भाषा के नीचे दुब कर रहे जाते है। क्योंकि कल हिन्दी दिवस के अवसर पर शायद ही किसी कार्यलय में कोई आयोजन होते हुये देखने मिला हो...? यदि हुये तो वह मात्र औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूके है। यह बात अलग है कि विश्व हिन्दी दिवस को लेकर सोशल मीडिया पर जरूर एक दूसरे को बधाई देने के लिये हिन्दी दिवस को जरूर याद करते हुये देखा गया। मगर जिस प्रकार से लोग के बीच अंग्रेजी का बोलबाला होने के कारण हमारी राष्ट्र भाषा को कुचलते चले जा रहे है। वह निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई उजागर होने से नही चूक पा रही है..? क्योंकि हर छोटे कार्यालय से लेकर बड़े दप्तरों में अंग्रेजी की भरमार के चलते जहां हिन्दी भाषी परेशान होते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर लोगों में अपने बच्चों को जिस प्रकार से अंग्रेजी की ओर ढकेला जा रहा है उसका हमारी हिन्दू संस्कृति पर भी काफी हद तक प्रभाव दिखाई देने लगा है। यह बात अलग है कि






हमारी मात्र भाषा हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा जरूर मिल गया है। मगर इसके बाद भी लोगों द्वारा हर कार्य में जिस तरह से अंग्रेजी को महत्व दियास जाता है। उसके चलते सही मायने में देखा जावे तो हिन्दी विलुप्त होते हुए दिखाई देते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रही है..? सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक बैकों में स्पष्ट लिखा होता है कि हिन्दी का उपयोग किया जावेगा तो हमे बड़ी प्रसन्नता होगी। मगर यह लिखा हुआ शब्द मात्र वोर्ड की शोभा बढ़ाने तक ही सीमित होकर रहने से नही चूकता है..? क्योंकि यहां छोटे छोटे कार्यो से लेकर सभी कार्य अंग्रेजी भाषा से भरे हुये दस्तावेजों में होते हुये दिखाई देने से नही चूक पाते है..? यही हाल बिजली विभाग से लेकर रेल विभाग सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में देखने मिलने से नही चूक पाता है। वही दूसरी ओर फाईनेस कंपनियों द्वारा तो अंग्रेजी भाषा को उपयोग हिन्दी भाषियों के लिये गुमराह करने के लिये मानों बड़ा ही शस्त्र बना लिया गया है। क्योंकि वह अंग्रेजी ने जानने वालें की मजबूरी का फायदा उठाते हुये इस तरह दस्तावेजों में हस्ताक्षर करा लेते है जिसकी हस्ताक्षर करने वाले को कोई जानकारी ही नही होती है..? सही मायने में देखा जावे तो अनेक फाईनेस कंपनियों के लिये यह अंग्रेजी भाषा मानों पूर्ण रूप से दुधारू गाय के रूप में उपयोग होने से नही चूक पा रही है..? हालत यह है कि कई नामचीन कंपनियों के लिए काम करने वाले स्टाईलिश युवा फर्राटे दार अंग्रेजी बोलकर पहले तो उपभोक्ताओं को प्रभावित करने की चेष्टा करते है और बाद में मशीन या अन्य फाईनेस करने के लिए अंग्रेजी भाषा में लिखा एग्रीमेन्ट फार्म पेश करा लेते है और उस पर अंग्रेजी भाषा न जानने वाले कम पढ़े लिखे लोगों द्वारा बगैर समझे ही हस्ताक्षर या फिर अंगूठा लगवाने से नही चूकते है। जबकि देखा जावे तो उस अंग्रेजी एग्रीमेन्ट में क्या लिखा है वह उपभोक्ता को पता तक ही नही रहता है...? गौरतलब है कि अंग्रेजी न जानने वाले बहुत से उपभोक्ता कंपनियों के अभिकर्ताओं की बातों में आकर इन अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर तो कर देते है मगर बाद में उनके दिमाग में यह शंका उभरने लगती है कि अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करने के दौरान कही उनसे ऐसी गलती तो नही हो गई है....? यह बात सही भी साबित होने से नही चूक पा रही है। भारत की समर्थ राष्ट्रभाषा हिन्दी के बोलने, समझने, लिखने वालों की बड़ी तादाद क्षेत्र में होने के बावजूद भी अंग्रेजी भाषा में लिखे अनुबंध पत्रों के गोरख धंधे को लेकर हिन्दी भाषी परेशान होने के साथ लुटने से नही बच पाते है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदार विभागों, कंपनियों के अनुबंध पत्रों में हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाना चाहिए। इस तरह जब हमारी टीम ने हिन्दी भाषा को लेकर अलग अलग लोगों से चर्चा करते हुये उनकी राय जानने का प्रयास किया गया तो सांईखेड़ा निवासी युवा व समाज सेवी दीपक अग्रवाल का कहना है कि हमारे देश की सरकारे लगातार राष्ट्रभाषा हिन्दी को सम्मान जनक दर्जा दिलाने का प्रयास कर रही है। वही कई बैक भी हिन्दी पखबाड़ा मना रहे है। मगर देखने में आता है कि ऋण लेने के लिए उपभोक्ताओं से अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित अनुबंध भरवाये जाते है। इस हालत में निश्चित ही अंग्रेजी का ज्ञान न होने से अधिकतर व्यक्ति दुविधा में पड़ जाते है..? राष्ट्रियकृत बैंकों की शाखाओं में अंग्रेजी का खेल समाप्त करने की दिशा में सख्त कदम उठाने की जरूरत है। वही बारहाबडा निवासी सदन सोनी का मानना है कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है। यह आम बोल चाल की सहज में समझ में आने वाली भाषा है। मगर इसके बाद भी हमारे ही देश में इसे नजर अंदाज करते हुये अंग्रेजी भाषा को महत्व मिलना चिंता जनक है। वही ग्राम भौरझिर निवासी चौधरी राजकुमार कौरव का कहना है कि वर्तमान में काफी हद तक मा.न्यायालयों, रेल विभाग में हिन्दी का प्रयोग होने लगा है। किन्तु इसके बावजूद बैको सहित अनेक निजी कंपनियों द्वारा जिस तरह अंग्रेजी भाषा का महत्व दिया जा रहा है वह चिंता जनक बनने से नही चूक रहा है। इसी प्रकार से नगर के नर्मदा कालोनी निवासी रजनीश कौरव का कहना है कि उपभोक्ताओं में ऋण लेने खासा लाभ देने वाली मशीने खरीदने की स्वाभाविक बैचेनी रहती है। इस हड़बड़ी के चलते कई कंपनियाँ अधिकतर उपभोक्ताओं से अंग्रेजी भाषा में लिखें अनुबंध पत्र भरवा लेती है। मगर वह दस्तावेज अंग्रेजी में होने के चलते दुखदाई बनने से नही चूक पाते है। मैं आज हिन्दी दिवस पर यही संदेश देना चहता हूं की हमारी मात्र भाषा को महत्व मिलना चाहिये।

## खबर संक्षेप

### गांव में कीचड़ का साम्राज्य, स्वर्णिम म.प्र. बनने की सपने पर लग रहा ग्रहण..?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर प्रदेश से लेकर केन्द्र में बैठी सरकार द्वारा ग्रामों के विकास के लिए मनमानी धनराशि भेजकर उनकी सूरत बदलने की सोच बनाये हुए है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि धन राशि खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति नही बदल पाने के कारण जहां देश के मुखिया द्वारा देश को स्वच्छ बनाने के सपने पर पंचायतों में बैठे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा ग्रहण लगाया जा रहा है? वही दूसरी ओर क्षेत्र की अनेक पंचायत की उदासीनता के चलते ग्रामवासियों को बदहाल स्थिति में जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है? बताया जाता है कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत में सड़को के निर्माण सहित अन्य कार्यो के लिए काफी मात्रा में धनराशि खर्च की गई है, जिसके खर्च होने के बाद भी आज गांव की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि लोगों को घुटना घुटना कीचड़ के बीच से गुजरना पड़ रहा है। इस प्रकार से गांव में कीचड़ का साम्राज्य स्थापित होने के कारण जहां जनप्रतिनिधियों की कार्य शैली पर सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर जनपद में बैठे अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध बनने से नही चूक पा रही है? क्योंकि पंचायत के विकास कार्यों में हो रही गफलत बाजी की शिकायत जब अधिकारियों से की जाती है तो उनके द्वारा भी शिकायतों को नजर अदांज करते हुए अनदेखी कर दी जाती है, जिसके चलते जहां आम लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। वही दूसरी ओर प्रदेश को स्वच्छ बनाने का देश के मुखिया के सपने को भी अधिकारियों की मिली भगत से पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है।


### लड़की का जन्म होने की बात पर भाई ने भाई के साथ की मारपीट

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बरेली निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर के पास खड़ा हुआ था उसी दौरान प्रार्थी के भाई वीरेन्द्र, कमलेश तथा लवकुश कहार आये और बोले के कार्य तेरे लड़की लड़की ही हो रही है। इसी बात को लेकर तीनों एक राय होकर प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। इस दौरान बीच बचाव करने के लिये प्रार्थी की पत्नी पूजा एवं बबली आई तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ब्याज के पैसों को लेकर मारपीट

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम जमाड़ा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि आज से तीन साल पहले मैने अपने गांव के मिस्टर गुर्जर नाम के व्यक्ति से 80,000 रू. (अस्सी हजार) रूपये उधार लिये थे । मैने तीन साल से आज तक अस्सी हजार रूपये वापस कर चुका हूं। लेकिन मिस्टर गुर्जर आये दिन मुझे आये दिन डराते धमकाते हुये ब्याज के बीस हजार रूपये और मांगता है। बीते हुये दिवस जब प्राथी अपने घर में सो रहा था तभी मिस्टर गुर्जर मेरे घर के अंदर घुस आया और प्रार्थी को जगाकर गंदी गंदी गालिया देते हुये बोला क्यों रे तू मेरे ब्याज के बीस हजार रूपये नहीं दे रहा है आज तुझे जान से मार दूंगा प्रार्थी बोला की पूरे रूपये वापस कर चुका हूं। इसी बात को लेकर मिस्टर गुर्जर द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये बीस हजार रूपये देने की अड़ीबाज़ी करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री की पहल पर गाडरवारा विधान सभा सहित तेंदूखेड़ा क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं की बदलेगी सूरत





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार प्रयास में जुटे हुये क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री अपने विधान सभा सहित अन्य क्षेत्रों के विकास कार्यो को लेकर जिस तरह की पहल करते हुये देखे जा रहे है उसके चलते लोगों में हर्ष देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर उनके प्रयासों से शाला भवनों परिसरों में खेल व अन्य गतिविधियों के निर्माण को लेकर सात करोड से अधिक की सौगात प्रदान की गई है उसके चलते जहां खेलों को महत्व मिलेगा तो दूसरी ओर शिक्षण संस्थाओं की सूरत बदलने से नही चूकेगी। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की विशेष पहल पर स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा जिले के अंतर्गत गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित 12 विद्यालय भवनों में शाला भवन परिसरों में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण कार्यो के लिए 7 करोड़ 20 लाख की सौगात प्रदान की गई है। प्रदान की गई सौगातों में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड चीचली के ग्राम महगुवा कला के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण के लिये स्वीकृत राशि 60 लाख, विकास खंड साईखेडा के ग्राम टेकापार के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण के लिये स्वीकृत राशि 60 लाख, ग्राम अमोदा के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में हॉल निर्माण के लिये स्वीकृत राशि 60 लाख, विकासखंड चीचली के ग्राम बारछी के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण के लिये 60 लाख, विकास खंड साईखेडा के ग्राम बधा के शासकीय प्राथमिक शाला हेतु 60 लाख, ग्राम खिरैटी के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं हेतु हॉल निर्माण स्वीकृत राशि 60 लाख, विकास खंड चीचली के ग्राम कान्हरगाव के शासकीय प्राथमिक शाला भवन में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण के लिये 60 लाख, ग्राम अमाडा के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण हेतु 60 लाख, ग्राम बैरागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल के लिये हॉल निर्माण हेतु स्वीकृत राशि 60 लाख, इसी प्रकार से ग्राम सूखाखैरी के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण हेतु 60 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। वही समीपस्थ विधानसभा तेन्दूखेडा के अंतर्गत विकासखंड चांवरपाठा के ग्राम ढिगसरा शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण स्वीकृत की गई राशि 60 लाख रूपया तथा ग्राम पडरिया के शासकीय प्राथमिक शाला भवन परिसर में खेल एवं अन्य गतिविधियों हेतु हॉल निर्माण राशि 60 लाख स्वीकृत की गई है।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से कुशवाहा ने बनाई अपनी अलग पहचान




हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा। सरकार युवाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। निश्चित ही इन योजनाओं से युवा लाभ लेते हुये रोजगार स्थापित करने में पीछे नही है। इस बात की सच्चाई समीपस्थ चीचली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढुरसुरू में देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना है, जिसके माध्यम से कई पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेकर स्वयं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। इन्हीं हितग्राहियों में से एक हितग्राही हैं शामिल ग्राम ढुरशुरू के प्रदीप कुशवाहा। बताया जाता है कि कुशवाहा ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने छोटे स्तर पर केवल दो सिलाई मशीनों के माध्यम से कार्य करते थे, जिससे उनकी मासिक आय लगभग 10 हजार रुपये थी। सीमित संसाधनों के कारण वे अपने व्यवसाय का विस्तार नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी मिली। वही उन्होंने इस योजना के अंतर्गत अपना आवेदन किया। इसके पश्चात योजनांतर्गत उन्हें 5.50 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस योजना के अंतर्गत सीजीटीएमईसी गारंटी सुविधा और 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान की वित्तीय सहायता उपलब्ध है। बताया जाता है कि कुशवाहा को मिली वित्तीय सहायता से स्पोर्ट्स तो स्थापित किया ही, साथ ही में उन्होंने नई आधुनिक मशीनें भी स्थापित की गई। वह वर्तमान में उनकी इकाई में स्पोर्ट्सवियर एवं टी-शर्ट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। मीशनों की संख्या बढ़ने से उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई और 3 से 4 स्थानीय लोगों को भी रोजगार प्राप्त हुआ है। कुशवाहा बताते हैं कि पहले जहां उनकी मासिक आय करीब 10 हजार रुपये थी। अब उनकी मासिक आय बढ़कर करीब 30 हजार रुपये हो गई है। इसके लिए कुशवाहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री सहित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की प्रशंसा करते हैं।

# अयोध्या मंदिर की वर्षगांठ पर आज होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या में 500 वर्ष के संघर्ष के बाद स्थापित श्री रामलला के भव्य मंदिर की द्वितीय वर्षगांठ को लेकर नगर में अनेक जगहों पर बड़ी धूमधाम धार्मिक आयोजन करने का निर्णय लिये गये है। जिसके नगर सहित क्षेत्र के अनेक राम मंदिरों सहित हनुमान मंदिरों में बीते हुये 10 जनवरी से जारी अखंड रामायण का पाठ आज संपन्न होगा। वही आज 11 जनवरी रामायण पाठ समापन, यज्ञ, हवन होने के बाद दोपहर दो बजे मंदिर प्रांगण से रामलला की भव्य शोभायात्राये जहां तहां निकलते हुये देखी जावेगी। जिसमें रामदरबार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। वहीं इसके पहले प्रातःकालीन बेला में रामधुन के साथ निकलने वाली प्रभात फेरी के भी दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रातःबेला में अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन होते हुये देखे गये।

# अनुविभागीय अधिकारी कलावती द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा क्षेत्र में किसानों की धान खरीदी के चल रहे कार्य पर अधिकारियों द्वारा लगातार पैनी नजर बनाये हुये है। वही बताया जाता है कि शिकायत मिलते ही मौके पर अधिकारी पहुंचकर जहां किसानों की समस्याओं का निदान करते हुये देखे जाते है।**

कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे ने धान खरीदी केन्द्रों पर अचानक पहुंचकर निरीक्षण करते हुये मौजूद अमले को जरूरी दिशा निर्देष दिये गये। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने जनकपुर वेयर हाउस सहावन, गर्वित वेयर हाउस खमरिया सहित अन्य धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मौके पर मौजूद किसानों से खरीदी के संबंध में चर्चा करते हुये पूछा की कही आप लोगों को अपनी धान का विक्रय करने के लिये कोई परेशानी तो नही हो रही है। वही निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को एफएक्यू गुणवत्ता का ही धान खरीदने और उपर्जान संबंधी अन्य निर्देश का पालन करने के निर्देश दिये गये।

# गणित–विज्ञान–सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी देती है तर्क, प्रयोग व सामाजिक चेतना का संदेश





हरिभूमि न्यूज/चीचली। जनपद शिक्षा केंद्र चीचली के सभागार कक्ष में आयोजित गणित विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण प्रदर्शनी वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तार्किक सोच का उत्कृष्ट उदाहरण बनी। यह प्रदर्शनी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक मार्गदर्शन और विकासखंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल के निर्देशन व बीएसी अरुण दुबे तथा सत्यम ताम्रकार के संयोजन में आयोजित की गयी। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक पद्धति, परिकल्पना, प्रयोग, अवलोकन, विश्लेषण और निष्कर्ष को व्यवहार में लाना रहा। गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण, सोलो सॉंग, सेमिनार, शॉर्ट प्ले अंतर्गत विषय विशेषज्ञों ने आरएसके पोर्टल से प्राप्त आयामो अनुसार अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से डेटा, मॉडल, परिणाम, संबंध और मॉडल की उपयोगिता पर प्रश्न पूछे जाने पर विद्यार्थियों ने प्रमाण आधारित उत्तर देकर अपनी वैज्ञानिक समझ का परिचय दिया। गणित अनुभाग में बीजगणितीय मॉडल, त्रि-आयामी ज्यामितीय आकृतियाँ, पाइथागोरस प्रमेय का प्रयोगात्मक प्रदर्शन, सांख्यिकी व प्रायिकता के ग्राफ, तथा पैटर्न व फ्रैक्टल प्रमुख आकर्षण रहे। विद्यार्थियों ने वास्तविक जीवन—जैसे निर्माण, बैंकिंग, जनगणना और ट्रैफिक प्रबंधन में गणितीय अनुप्रयोगों को उदाहरणों सहित समझाया। विज्ञान अनुभाग में कार्यशील विद्युत परिपथ, सौर व पवन ऊर्जा मॉडल, जल संरक्षण एवं अपशिष्ट प्रबंधन, मानव शरीर तंत्र, पदार्थों के भौतिक व रासायनिक गुण तथा जलवायु परिवर्तन पर आधारित परियोजनाएँ प्रस्तुत की गईं। सामाजिक विज्ञान अनुभाग में भारतीय संविधान, लोकतांत्रिक प्रक्रियाएँ, ऐतिहासिक घटनाओं की कालरेखा, भौगोलिक मानचित्रण, जनसंख्या अध्ययन और सतत विकास लक्ष्य पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। विषय विशेषज्ञों ने परियोजनाओं का मूल्यांकन वैज्ञानिक सटीकता, नवीनता, प्रस्तुतीकरण, डेटा उपयोग और समस्या-समाधान क्षमता के आधार पर किया।

## जप्त की गई अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शराब की अवैध विक्री पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों समीपस्थ डोगरगांव थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा अपने थाना में अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एनटीपीसी के पास पैराडाइज तिरहा के पास एक युवक कुछ शराब लेकर खड़ा हुआ है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति की घेराबंदी करते हुये पकड़कर जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम रेवाराम पिता पूरन लाल रजक उम्र 33 साल निवासी बरमान का होना बताया गया। वही युवक के थैले की तलाशी लेने के चलते पुलिस को 32 पाव देशी शराब पाये जाने के चलते पुलिस द्वारा आरोपी के पास से शराब जप्त करते हुये धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये कार्यवाही की गई।

## बका सहित लोहे की राड़ मारकर चोट पहुंचाई



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम गरधा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर पर था उसी समय उसके चचेरे भाई सूरज की चिल्लाने की आवाज सुनाई दी तो प्रार्थी द्वारा अपने घर के बाहर निकलकर देखा तो उसके चाचा भुजवल के घर में संतोष जाटव, सर्जन जाटव, यशवंत जाटव तीनो सूरज को मार रहे थें। इस तरह अपने चाचा के लडके को पिटते हुये देख जब प्रार्थी द्वारा बहा पर पहुंचकर उसे बचाने का प्रयास किये जाने के चलते संतोष जाटव द्वारा लोहे के बका मारकर चोट पहुंचाई तो यशवंत ने लोहे की राड से मारपीट की गई। वही घटना को लेकर प्रार्थी को उसकी चाची द्वारा बताया कि यशवंत जाटव एवं संतोष जाटव दोनो मोटर साईकिल मांगने आये थे। सूरज ने मोटर साईकिल देने से मना किये जाने की बात को लेकर सूरज के साथ मारपीट की गई है। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# इंदिरा ज्योति यात्रा विचारों और विरासत को जन जन तक पहुँचाने का अभियान

**डिंडौरी।** प्रतिवर्ष 25 जून को ष्संविधान हत्या दिवसष घोषित किए जाने की अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही देश में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के विरुद्ध दुष्प्रचार का दौर शुरू हो गया। ऐसे समय में इंदिरा गांधी के विचारोंए कार्यों और ऐतिहासिक निर्णयों को सामने लाने की आवश्यकता और अधिक प्रबल हो गई।सम्यक अभियान की प्रेरणास्त्रोत इंदिरा गांधी हैंए जो आज भले ही हमारे बीच न होंए लेकिन अपने क्रांतिकारी फैसलोंए नीतियों और विचारों के माध्यम से निरंतर अपनी उपस्थिति का अहसास कराती हैं। उनके खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार को मौन रहकर स्वीकार करना उचित नहीं समझा गया। इसी उद्देश्य से दिल्लीए मुंबईए भोपालए नागपुरए जयपुर और लखनऊ में पत्रकार वार्ताओं के माध्यम से इंदिरा गांधी के योगदान को जनमानस तक पहुँचाने का सिलसिला शुरू किया गया।इसी क्रम में 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती को ष्संकल्प दिवसष के रूप में मनाते हुए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान की जानकारी देते हुए ष्गुरुदेवष के नाम से प्रसिद्ध लेखक एवं विचारक भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि इंदिरा गांधी के 108वें जयंती वर्ष को ष्सृजन वर्षष के रूप में मनाया गया। इस दौरान वर्षभर में छोटे.बड़े कुल 108 कार्यक्रम आयोजित किए गए। 108वां एवं समापन समारोह इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती के अवसर पर भोपाल के रविंद्र भवन स्थित मुक्ताकाश मंच पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया गयाए जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने भाग लिया। इसी दिन महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से ष्ग्रामराज्य की ओरष अभियान का भी शुभारंभ किया गया।

भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान मध्यप्रदेशए छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संचालित किया जा रहा है। अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मध्यप्रदेश को छहए छत्तीसगढ़ को तीन और राजस्थान को



छह प्रांतों में विभाजित किया गया है। उन्होंने स्मरण कराया कि महात्मा गांधी ने 6 जनवरी 1921 को छिंदवाड़ा के चिटनिस गंज से असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी। उसी ऐतिहासिक स्थल से 6 जनवरी 2026 को इंदिरा ज्योति यात्रा का शुभारंभ किया गया है।महाकौशल जोन में यह यात्रा छिंदवाड़ाए नरसिंहपुरए जबलपुर और कटनी होते हुए डिंडोरी पहुँची है। इसके बाद यह मंडलाए बालाघाट और सिवनी जाएगी। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर इंदिरा ज्योति समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी 24 जनवरी को भोपाल में भारतीय सशक्त महिला दिवस समारोह आयोजित किया जाएगाए क्योंकि इसी दिन वर्ष 1966 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके पश्चात इंदिरा ज्योति यात्रा भोपाल जोन और बुंदेलखंड जोन के सभी जिलों में संचालित होगी। इस प्रकार मध्यप्रदेशए छत्तीसगढ़ और राजस्थान के प्रत्येक जिले में यह यात्रा पहुँचेगी। अभियान का उद्देश्य हर घरए हर द्वार तक इंदिरा गांधी के विचारोंए कार्यों और क्रांतिकारी निर्णयों को पहुँचाना है।श्री रोकड़े ने बताया कि 9 जनवरी 2025 को तत्कालीन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को सम्यक अभियान के अंतर्गत इंदिरा ज्योति अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ताओं से व्यापक सहभागिता की अपील की तथा पूर्व मंत्री पीण्सीण शर्मा को सम्यक अभियान का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया।चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय प्रदेश आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति में सांसद अशोक सिंहए पूर्व मंत्री राजमणि पटेलए पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरियाए पूर्व मंत्री तरुण भानोटए पूर्व मंत्री एवं विधायक बालाराम बच्चनए पूर्व मंत्री हर्ष यादवए पूर्व मंत्री राजेंद्र कुमार मिश्राए पूर्व विधायक एवं एआईसीसी सचिव सत्यनारायण पटेलए वरिष्ठ नेता एडवोकेट सैयद साजिद अली तथा महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्चना जायसवाल शामिल हैं। प्रदेश आयोजन समिति द्वारा सभी जिलों में जिला स्तरीय आयोजन समितियाँ गठित की जा रही हैं। डिंडोरी जिले में अमित गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आयोजन समिति का गठन किया गया है।गौरतलब है कि 1960.70 के दशक में एकाधिकारवादी पूंजीवाद और पूर्व राजा.महाराजाओं का वर्चस्व बढ़ने से समतामूलक सामाजिक और समानतामूलक शासन व्यवस्था की स्थापना कठिन हो गई थी। ऐसे समय में इंदिरा गांधी ने बैंक राष्ट्रीयकरणए प्रिवी पर्स की समाप्ति जैसे क्रांतिकारी कदम उठाकर सम्यक विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया। वर्तमान समय में एक बार फिर निराशाजनक परिस्थितियाँ उभर रही हैं। इसी पृष्ठभूमि में गहन अध्ययन के बाद इंदिरा गांधी को प्रेरणास्त्रोत मानते हुए उनके मार्ग पर चलते हुए सम्यक विकास और नवक्रांति के संकल्प के साथ 2 मई 2022 को रीवा से नौ सूत्रीय सम्यक अभियान की शुरुआत की गई।इस अभियान के अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगारए निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को शोषण से मुक्तिए आउटसोर्सिंग प्रणाली पर रोकए श्रम कानूनों को कर्मचारी हितैषी बनानेए उपेक्षित वर्गों को न्यायए कृषि क्रांति के लिए इंडस्ट्री सेंट्रिक कम्युनिटी फॉर्मिंग सिस्टम लागू करने तथा पूर्व राजा.महाराजाओं के पास मौजूद अकूत संपत्ति को सरकारी घोषित कर उससे बेरोजगार युवाओं का भविष्य संवारने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में शिक्षित बेरोजगार युवाए महिलाएँ और प्रगतिशील किसान सम्यक अभियान से जुड़ते जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

## शासकीय महाविद्यालय में विश्व मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉण सीमा डावर की मार्गदर्शन में विश्व मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के अमरपुर बूथ लेवल अधिकारी रविन्द्र धार्वे ने निर्वाचन आयोग की मतदाता नियमावली फार्म 6 नवीन मतदाता पंजीयनए फार्म 7 मतदाता सूची से नाम काटनाए फार्म 8 नामए उपनामए पता परिवर्तन एवं एसआईआर आदि की महाविद्यालय की विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नवीन मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण किए। भारत निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण ;एसआईआरद्ध एक महत्वपूर्ण कार्य प्रत्येक 20 वर्षों के पश्चात किया जाता हैं। जिसमें एक परिवार के दादा एवं पिता की मतदाता सूची भाग संख्या एवं सरल क्रमांक आदि दस्तावेजों की आवश्यकताओं के साथ जागरुकता की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की स्टॉफ प्रोफेसर आशीष कुमार मरावीए डॉण सुनील काकोड़ियाए डॉण निगहत खानए ओमकार वाटियाए कमलेश वास्पे एवं छात्र . छात्राएं मौजूद रहे।

## सहायक शिक्षक सरिता मेरावी निलंबितए डेढ़ माह से अनुपस्थित रहने पर हुई कार्रवाई

निलंबित

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग द्वारा प्राथमिक शाला भीमडोंगरीए विकासखंड शहपुरा में पदस्थ सहायक शिक्षक श्रीमती सरिता मेरावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 09 जनवरी 2026 को अनुविभागीय अधिकारी ;राजस्वद्ध शहपुरा द्वारा प्राथमिक शाला भीमडोंगरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती सरिता मेरावी संस्था में उपस्थित नहीं पाई गईं। शिक्षक उपस्थिति पंजी एवं उपस्थित ग्रामीणों के कथन अनुसार उक्त सहायक शिक्षक पिछले लगभग डेढ़ माह से शाला में अनुपस्थित थीं।बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति एवं सूचना के अनाधिकृत अनुपस्थिति को पेंशन नियम 1976 के नियम.27 सहपठित मूल नियम 17;1द्ध;एद्ध के अंतर्गत सेवा में व्यवधान की श्रेणी में माना गया है। साथ ही यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1ए 2 एवं 3 का उल्लंघन पाए जाने पर गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है।उक्त कारणों के चलते मध्यप्रदेश सिविल सेवा ;वर्गीकरणए नियंत्रण एवं अपीलद्ध नियम 1966 के नियम 9 के तहत श्रीमती सरिता मेरावी को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। निलंबन काल के दौरान उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शहपुरा निर्धारित किया गया है।



## बैगा आदिवासियों की निजी भूमि में बगैर अनुमति के बिछाई पाइप लाइन, फसलें नष्ट

### पीडित किसानों ने एसडीएम से की शिकायत



**डिंडौरी। बजाग विकासखंड के ग्राम बौना में बैगा आदिवासियों की निजी भूमि पर बिना किसी अनुमति के पाइपलाइन बिछा दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पाइप लाईन बिछाने के दौरान खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह नष्ट हो गईए जिससे पीड़ति किसानों में आक्रोष व्याप्त है।** प्रभावित किसानों ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश पटेरिया के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय बजाग पहुंचकर षिकायत दर्ज कराई हैए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई व फसल क्षतिपूर्ति की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा कार्य न्यूसिड स्वयंसेवी संस्था द्वारा कराया गयाए षिकायतकर्ताओं ने बतलाया कि पाइप लाईन बिछाने के पूर्व भूमि स्वामी से सहमति नहीं ली गई और न ही प्रशासन से विधिवत अनुमति प्राप्त की गई। षिकायत में बतलाया गया है कि बैगा आदिवासी शासन द्वारा प्रदत्त पट्टे की भूमि पर वर्षों से खेती कर अपने परिवार का पालन.पोषण करते आ हैं। संबंधित स्वयं सेवी संस्था द्वारा पाइपलाइन बिछाने के दौरान खेतों की मेड़ तोड़ दी गईए जमीन खोद दी गईए जिससे सरसों की फसल बर्बाद हो गई। इससे आर्थिक नुकसान हुआ है । ग्रामीणों के मुताबिक उन्होंने पाइप लाईन बिछाने के लिए जमीन में खुदाई के दौरान विरोध भी किया था लेकिन उनकी बात को नजर अंदाज कर दिया गया था। पीड़तिों ने मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराई जाएए बिना अनुमति कार्य कराने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जायेए तथा नष्ट हुई फसल का उचित मुआवजा दिया जाए।

## सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी में भारी अनियमितता के आरोप, 50 से अधिक ग्राम पंचायतें जांच के दायरे में



**डिंडोरी।** जिले की 50 से अधिक ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की राशि से सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि नियमों को दरकिनार कर मनमानी एवं अत्यधिक दरों पर सोलर स्ट्रीट लाइट्स की खरीदी कर ग्राम पंचायतों में स्थापित की गईं। मझियाखार ग्राम पंचायत में की गई जांच के बाद राशि वसूली के आदेश जिला पंचायत द्वारा जारी किए जा चुके हैंए जबकि अन्य पंचायतों में भी जांच की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।इसी क्रम में जिला पंचायत डिंडोरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत डिंडोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत चटुवा एवं घानाघाट में सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी की जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। संबंधित जनपद पंचायत को जांच कर पांच दिवस के भीतर प्रतिवेदन जिला पंचायत को प्रस्तुत करने के आदेश दिए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिले की कई ग्राम पंचायतों द्वारा बिना निर्धारित प्रक्रिया अपनाए लाखों रुपये की सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी गई है सूत्रों के अनुसार लगभग 50 ग्राम पंचायतों में बिना निविदा आमंत्रित किए और बिना कोटेशन मंगाए जबलपुर की एक फर्म से सोलर स्ट्रीट लाइट्स ऊंची दरों पर खरीदी गईं। गंभीर आरोप यह भी हैं कि तकनीकी सत्यापन कराए बिना ही भुगतान कर दिया गया। चर्चा है कि फर्म द्वारा सरपंचों एवं सचिवों को कमीशन का लालच देकर नियमों की अनदेखी कराई गई तथा गुणवत्ता परीक्षण के बिना सामग्री की आपूर्ति की गई। पंचायतों द्वारा न तो स्थानीय बाजार से दरों की तुलना की गई और न ही स्थानीय विक्रेताओं से सामग्री क्रय करने का प्रयास किया गयाए जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है।जिस फर्म द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट की आपूर्ति की गईए उस पर शासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध की जानकारी होने के बावजूद डिंडोरी जैसे पिछड़े जिले को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर सप्लाई किए जाने के आरोप हैं। बताया जा रहा है कि शासन द्वारा सोलर लाइट खरीदी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी इसी फर्म को जिले की कई ग्राम पंचायतों से भुगतान किया गया। इतना ही नहींए पंचायतों में सोलर लाइट स्थापित करने के बावजूद फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलों में एलईडी लाइट का उल्लेख किया गयाए जिसे स्पष्ट रूप से फर्जीवाड़ा माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि फर्म के बिलए दरों एवं स्थापित सामग्री की गहन जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही जिन पंचायतों में भुगतान लंबित हैए वहां तत्काल रोक लगाई जाना आवश्यक है।

### मझियाखार पंचायत में वसूली के आदेश

बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत



मझियाखार में शासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए प्रतिबंध के बावजूद अमानक सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी के नाम पर सप्लायर को 7 लाख 89 हजार रुपये का भुगतान किया गया था। मामले की शिकायत पर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार पंचायत निरीक्षक एवं पंचायत समन्वयक द्वारा जांच की गईए जिसमें वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा संबंधितों से राशि वसूली के आदेश जारी किए गए हैं।प्रशासनिक स्तर पर चल रही जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में की गई सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी में कितनी और किस स्तर तक अनियमितताएं हुई हैं। फिलहाल यह मामला जिले की पंचायत व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

## सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



**डिंडौरी।** जिला डिंडोरी के ब्लॉक करंजिया अंतर्गत करंजिया के तीन संकुल एवं गोरखपुर के चार संकुल में सक्षम कार्यक्रम के तहत मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी चिन्ता राम कुशराम ;बीईओद्ध एवं बीआरसी श्री अजय कुमार राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही संबंधित सक्षम प्रभारी शिक्षक एवं जन.शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।बैठक के दौरान सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के विभिन्न घटकों पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में सत्रों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए चुनौतीपूर्ण सत्रों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सत्र संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों की पहचान कर उनके समाधान को लेकर शिक्षकों के साथ सार्थक एवं सहभागी चर्चा की गई।इसके अतिरिक्त आगामी समय में सत्रों को अधिक प्रभावीए सहभागितापूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तृत विचार.विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा सत्रों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना रहा।इस अवसर पर सक्षम कार्यक्रम के ब्लॉक मैनेजर भगीरथ द्विवेदीए मास्टर ट्रेनर बालवीर धाकड़ एवं चैन कुमार प्यासी का विशेष योगदान रहाए जिनके सहयोग से बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## पेंड्रा छत्तीसगढ़ ने घंसौर मंडला को 5 विकेट से दी शिकस्त

**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट क्लब अमरपुर के तत्वावधान में स्वण लोकमन साहू खेल मैदान में सांसद कप लेदर बॉल अमरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। जिसके तहत शनिवार को पेंड्रा छत्तीसगढ़ एवं घंसौर मंडला के मध्य मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए घंसौर मंडला ने अपने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाकर पेंड्रा छत्तीसगढ़ के सामने 190 रनों का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया।

अपने टीम के लिए बल्लेबाजी करते हुए ईशान जैन ने 37 गेंदों पर 9 चौके व 3 छक्के की मदद से शानदार 65 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा सौरव दाहिया 27 गेंदों पर 10 चौके व 1 छक्के की मदद से 48 रनए रब्बी सिंह 29 गेंदों पर 3 चौके व 1 छक्के की मदद से 27 रनए अरविंद 10 गेंदों पर 11 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। घंसौर मंडला की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए संजय केवट ने 4 ओवर में 20 रन देकर



2 विकेट एवं अभिजीत मंडल ने 4 ओवर में 30 रन देकर 2 विकेट हासिल किए वही मनजीत कुमारए आर्यन व मिराज खान ने 1.1 विकेट अपने नाम किए। पेंड्रा छत्तीसगढ़ ने 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी और 16ण3 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। पेंड्रा छत्तीसगढ़ की ओर से आकाश कुमार ने 24 गेंदों पर 5 चौकों व 3 छक्कों की मदद से 45 रनए पवन ने 16 गेंदों पर 5 चौके व 2 छक्कों की मदद से 35 रन एवं संजय केवट ने 15 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 23 रनए प्रियांशु 10 रनए वहीं पर अनिकेत ताम्रकार 23 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 29 रन व अभिजीत मंडल 6 गेंदों पर 2 चौके व 1 छक्के की मदद से 16 रनों की नाबाद पारी खेली। घंसौर मंडला की तरफ से गेंदबाजी करते हुए ईशान जैन ने 2 विकेट एवं आशु श्रीवास्तवए बोब्बीए सौरव दाहिया 1.1 विकेट अपने नाम किए। इस जीत के साथ पेंड्रा छत्तीसगढ़ ने अगले राउंड के लिए प्रवेश किया। पेंड्रा छत्तीसगढ़ के संजय केवट को उनके दौहरे प्रदर्शन के लिए मंडल अध्यक्ष अमरपुर आकाश नामदेव एवं पत्रकार लियाकत अली द्वारा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मैच के निर्णायक शाहिद तुर्क एवं पुरुषोत्तम ठाकुर रहे। मैच का आंखों हाल के के उसराठे व प्रदीप बनवासी द्वारा सुनाया गया। ऑनलाइन स्कोरिंग शिवम वनवासी द्वारा किया गया। वहीं आज रविवार को पेंथर क्लब मंडला एवं पाटनगढ़ के बीच दोपहर 1 बजे से मैच खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज निवासी युवक को जहरीली कीड़े ने काट लिया। पुलिस ने बताया कि जितेन्द्र वंशकार पिता मुनीम वंशकार उम्र 30 वर्ष निवासी करैया बचई जंगल हुआ था तभी किसी जहरीली कीड़े ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### युवक को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी निवासी युवक को सर्प ने काट लिया। पुलिस ने बताया कि देवेंद्र पटेल पिता राघवेन्द्र पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी गुंदरई थाना ठेमी अपने खेत गया हुआ था वहां से लौटते समय रास्ते मे सर्प ने काट लिया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### महिला ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी महिला द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र कोतवाली के झिरना क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय महिला द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर महिला के डी डी कथन दर्ज किए गए।

### सुधा शाक्य को दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस गायत्री परिवार के सक्रिय सदस्य एडवोकेट प्रेमचंद शाक्य की धर्मपत्नी प्रो. श्रीमती सुधा शाक्य विकरोल के असमायिक निधन पर उन्हें शोक श्रद्धांजलि दी गई। शाक्य परिवार द्वारा गंगापूजन एवं जिला गायत्री परिवार द्वारा आयोजित शोक श्रद्धांजलि में गायत्री परिवार सहित नगर के गणमान्य जनों ने शोक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाते हुए श्रीमती शाक्य को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

### राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता हेतु घनश्याम व श्रेया का चयन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** तेलंगाना में आयोजित होने जा रही 58वीं राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शहर में संचालित यूनिटी खो-खो क्लब के खिलाड़ी घनश्याम यादव एवं बरमान से श्रेया वर्मा का चयन मध्य प्रदेश खो-खो टीम में किया गया है। दोनों खिलाड़ियों के चयन को जिले के खेल जगत के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। उन्होंने जिले के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया है।

### बरमान में दुकानों की हुई जांच



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में एलपीजी लीक जैसी घटनाओं से बचाव के लिए बरमान घाट के अंतर्गत संचालित होटल, रेस्टोरेंट व चाय- नाश्ते की दुकानों में गैस एजेंसी की तकनीकी टीम के माध्यम से जांच कराई गई। टीम के द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, गैस पाइप, गैस चूल्हा की जांच की गई।

### स्वदेशी जागरण मंच मेला की तैयारियां प्रारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वदेशी जागरण मंच की जिला बैठक में सुधीर दाते मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ के क्षेत्र संयोजक स्वदेशी जागरण मंच की उपस्थिति में स्वदेशी जागरण मंच जिला नरसिंहपुर की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रमुख रूप से प्रो. सतीश दुबे जिला संयोजक उपस्थित रहे। उपेंद्र काले जिला संपर्क प्रमुख द्वारा मंच का संचालन किया गया। साथ में नीलेश खरे जिला प्रचार प्रमुख भी उपस्थित रहे। बैठक में 5 फरवरी से 15 फरवरी तक नरसिंहपुर जिले में होने वाली स्वदेशी मेला की संदर्भ में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। जिसमें उदय ठाकुर करेली को स्वदेशी मेले का मेला संयोजक बनाया गया। सह संयोजक का दायित्व विनोद श्रीवास्तव, नीरज महाराज, अजय पटेल, रमाकांत धाकड़ एवं संजय तिवारी को सौंपा गाया।

## प्रशासन गांव की ओर जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित

# विधायक व सीईओ जिला पंचायत की रही मौजूदगी







### ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर हुआ निराकरण

गत दिवस प्रशासन गांव की ओर जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत भामा में आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जनसमस्या निवारण शिविर का शुभारंभ गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश और सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने कन्या पूजन, मां सरस्वती और भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शिविर में अन्य जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय व विकासखंड अधिकारी- कर्मचारी, धरती आबा जनजाति के 21 गांवों के हितग्राहियों सहित क्षेत्रीय पंचायतों के हितग्राही सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद थे। विधायक महेन्द्र नागेश ने बताया कि जनपद स्तरीय दिव्यांग शिविर लगाकर दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपकरण वितरण किया जाएगा। उन्होंने संबंधित क्षेत्र में खाद, पेयजल की समस्या, सम्पर्क सड़क, लाड़ली बहना योजना, विद्युत संबंधी योजनाओं के आवेदनों को निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

### ग्रामीणों को दिया गया उपचार

ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का पंजीयन कराकर मौके पर ही निराकरण करने की कार्यवाही की गई। इस मौके पर नवाचार के रूप में एक्सरे जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 65 हितग्राहियों का मौके पर ही एक्सरे कर उन्हें रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया। जनसमस्या निवारण शिविर में स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा अपनी सफलता के बारे में अवगत कराया। समूह की महिलाओं ने बताया कि 8 समूह के द्वारा खाद्यान्न उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। अन्य समूह की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही हैं। शिविर में ग्राम वन समिति के दावे- आपत्ति का वाचन किया गया और मौके पर निराकरण के निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड, समग्र ई- केवायसी, आयुष्मान कार्ड की ई- केवायसी की गई। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। ग्रामीणों का रक्तचाप व ब्लड शुगर टेस्ट कर उन्हें दवाइयों का वितरण किया।

### हितग्राहियों को किया जाए लाभान्वित

सीईओ जिला पंचायत श्री नागेश ने प्राकृतिक खेती और उनसे होने वाले आर्थिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। साथ ही जल संरक्षण के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। ग्राम पंचायत को निर्देशित किया कि जन्म- मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के बारे में ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाएं और तत्काल प्रमाण पत्र बनाकर हितग्राहियों को वितरित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर सर्वे करके नरेगा योजनांतर्गत कपिलधारा के हितग्राहियों का चयन कर उन्हें लाभान्वित किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा नल- जल योजना अंतर्गत का संचालन कर पंचायत में सभी को पेयजल उपलब्ध कराया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 16 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वास्थ्य के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया।

### सीईओ जिला पंचायत ने कराया गृह प्रवेश

शिविर में राजस्व विभाग के 6, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 8, पीएचई विभाग के 3, जिला पंचायत विभाग के 2, आयुर्वेदिक विभाग का एक, मनरेगा के 12, शिक्षा विभाग के 2, मध्य प्रदेश वि. मंडल विभाग के 3, वन विभाग के 3, आदिम जाति कल्याण विभाग का एक, पुलिस विभाग का एक, आबकारी विभाग का एक और लोक निर्माण विभाग के 5 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर के दौरान आयुष विभाग द्वारा 53 और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 238 ग्रामीणों की स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। साथ ही निशुल्क दवाइयों का वितरण किया। जनसमस्या निवारण शिविर के पश्चात सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत ग्राम पंचायत भामा के हितग्राही सोमनाथ पिता मुलायम गौंड़ का गृह प्रवेश कराया। उन्होंने विधिवत पूजन- अर्चन कर हितग्राही श्री गौंड़ का गृह प्रवेश कराया और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने हितग्राही के जीवन में आय सकारात्मक बदलाव के बारे में जानकारी ली। सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला भामा का निरीक्षण किया।



# अवैध शराब 6 प्रकरण पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में मिली सूचना के अनुसार वृत्त नरसिंहपुर में अलग- अलग स्थानों से 3 हजार 460 किलोग्राम महुआ लाहन व 16 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान मप्र आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी बीएल उइके, आबकारी उप निरीक्षक, परि. आबकारी उप निरीक्षक, आरक्षक तथा नगर सैनिक मौजूद थे।

# उप संचालक ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



उप संचालक पशुपालन विभाग नरसिंहपुर डॉ. सुनील कुमार ब्रजपुरिया ने गौशालाओं का भ्रमण कर गौ पूजन किया और गौ कास्ट की मशीनों का शुभारंभ किया। इसके अतिरिक्त टीन शेड का निरीक्षण कर समिति के कार्यों की प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। उप संचालक पशुपालन विभाग नरसिंहपुर डॉ. ब्रजपुरिया ने बताया कि ग्राम बहोरीपार की गौशाला त्रिनेत्री सेवा समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस गौशाला में वर्तमान में 250 से अधिक निराश्रित गोवंशों को रखा गया है। इन गौवंशों की सेवा के साथ- साथ गौशालाएं स्वावलंबी बने और रोजगार सृजन का केंद्र बने इसके लिए भी अनेक कार्य कर रहे हैं, जिसमें गोबर से गौ कास्ट निर्माण- गोबर की लकड़ी, गौबर से निर्मित दिए, बर्मी कम्पोस्ट यूनिट- प्राकृतिक खाद, बड़े स्तर पर चारागाह विकास, प्राकृतिक खेती, गौ अनुभव केंद्र, गौशाला के परिक्षेत्र का उन्नयन पर निरंतर कार्य चल रहा है। उक्त समिति द्वारा बहोरीपार, पाठा, सहजपुरा, उमरिया व ग्वारी ग्रामों में 5 गौशालाओं के माध्यम से लगभग एक हजार से अधिक गौवंश मौजूद हैं। सभी जगह अलग- अलग प्रकार के कार्यों की यूनिट विकसित की जा रही है।

# ब्रह्माण्ड घाट मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में





तेंदूखेड़ा

भगवान ब्रह्मा की तपस्थली तथा जिले के प्रसिद्ध ब्रह्माण्ड घाट बरमान में लगने वाले 15 दिवसीय मकर संक्रांति से मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। मेले में आने वाले व्यापारियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए करीब 350 जवानों का बल लगाया जा रहा है।जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। मेला स्थल पर पुलिस थाना बनाकर कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। जहां से मेले के हर कोने लाइन समेत घाटों की स्थिति पर नजर रखी जाएगी। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सफाई व्यवस्था से लेकर आवागमन के लिए हर सुविधा बनाने जोरशोर से कार्य चल रहा है। जगह-जगह अस्थाई चेजिंग रूम रखे जा रहे हैं तथा अस्थाई शौचालय भी रखे जा रहे हैं। मेला स्थल की सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों द्वारा विशेष निगरानी रखने के साथ ही निरंतर सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सैंकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपरा अनुसार पुराने इस संक्रांति मेले में देश के विभिन्न प्रांतों के अलावा प्रदेश भर से व्यापारियों द्वारा अपनी अपनी दुकानें लेकर आते हैं। और अभी भी व्यापारियों के आने का सिलसिला निरंतर बना हुआ है। जिससे मेला स्थल पर दुकानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मेला स्थल पर प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष संकेतक रैलिंग लगाई जा रही है। जिससे श्रद्धालु गहरे पानी में न जाएं।

### मेले का शुभारंभ 12 जनवरी को

संक्रांति मेले का शुभारंभ 12 जनवरी को किया जाएगा। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते व नर्मदापुरम सांसद चौ. दर्शन सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में बरमान मेले का शुभारंभ कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे से होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल करेंगे। आयोजन में अनेक जनप्रतिनिधि बतौर अतिथि शामिल होंगे।

### मेला स्थल पर लगेगी विभागीय प्रदर्शनी

मेला स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी विभागीय अधिकारियों द्वारा जिसकी तैयारियां भी निरंतर की जा रही हैं। वहीं मेला स्थल पर ही अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र भी बनाया जा रहा है। जिसमें बीमार लोगों को उपचार का लाभ तत्काल मिल सके। यहां पर डाक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है।

### *सघन चैकिंग एवं निगरानी शुरू प्रतिबंधात्मक आदेश जारी*

बरमान मेले एवं मकर संक्रांति के त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने होटल लॉज एवं धर्मशालाओं की सघन चैकिंग व निगरानी शुरू हो गई है। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। किसी भी अतिथि को बिना वैध सरकारी फोटो पहचान पत्र जैसे आधार पैन वोटर आइडी पासपोर्ट आदि के कमरा आवंटित नहीं किया जाएगा। प्रवेश निकास और लॉबी क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे चालू होना चाहिए और कम से कम 30 दिनों का वीडियो बैकअप अनिवार्य किया गया है। संदिग्ध बैग या भारी सामान लाने वाले व्यक्तियों की मैन्युअल या मेटल डिटेक्टर से जांच करने कहा है।

### आज प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मचेगी धूम

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (**RSS**) के स्थापना के गौरवमयी 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला महाविद्यालयीन कार्य विभाग, छिंदवाड़ा द्वारा एक विशाल 'युवा सम्मेलन' का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम आगामी 11 जनवरी रविवार को स्थानीय ओलम्पिक स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित होगा। संघ के शताब्दी वर्ष (1925-2025) के निमित्त आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य ध्येय युवा पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना और उन्हें स्वामी विवेकानंद के कालजयी आदर्शों से जोड़ना है। मुख्य वक्ता और कार्यक्रमःसम्मेलन के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह जी उपस्थित रहेंगे। वे उपस्थित युवाओं को 'राष्ट्र प्रथम' के विचार पर पाथेय प्रदान करेंगे। संबोधन के पश्चात युवाओं के लिए एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्र निर्माण के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया जाएगा।सम्मान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँःइस अवसर पर छिंदवाड़ा जिले के ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को 'प्रतिभा सम्मान' से नवाजा जाएगा, जिन्होंने खेल, शिक्षा या अन्य क्षेत्रों में प्रदेश व देश स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 'भारत माता की आरती' के साथ होगा। आयोजन समिति द्वारा सम्मेलन में आने वाले सभी युवा विद्यार्थियों के लिए भोजन की सुचारू व्यवस्था की गई है।

### एफ.आई.आर. को एक साल पूरा, संपत्ति कुर्की के बाद भी असली गुनहगारों की गिरफ्तारी कब?

**छिंदवाड़ाः** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण मिशन भारत सरकार योजना के तहत गरीबों के इलाज के नाम पर किए गए करोड़ों के गबन को उजागर हुए आज पूरा एक वर्ष बीत चुका है। जिले के सक्रिय वरिष्ठ समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया द्वारा उठाए गए इस संवेदनशील मामले में लायंस आई हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा कागजों पर फर्जी ऑपरेशन दिखाकर सरकार से मोटी राशि हड़पने का पर्दाफाश हुआ था, लेकिन एक साल बाद भी न्याय की राह अधूरी है।अंधत्व निवारण के नाम पर 'अंधा खेल'प्रेस को संबोधित करते हुए रिंकू रितेश चौरसिया ने कहा कि यह केवल वित्तीय भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि उन गरीब मरीजों के हक पर डाका है जिन्हें मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन की उम्मीद थी। प्रशासन ने जांच में पाया था कि अस्पताल प्रबंधन ने 2000 प्रति मरीज के फर्जी बिल तैयार कर सरकार को चूना लगाया। मध्य प्रदेश शासन ने 10 जनवरी 2025 को थाना परासिया में पिंकेश पटोरीया, पुरन राजलानी, आलोक जैन, अनिल जैन, बिल्लू मान, हरिशंकर साहू, कन्हैया राजलानी समेत दोषियों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करवाया फिर भी ठोस कार्रवाई का इंतजार है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस लड़ाई में प्रशासन ने दोषियों की संपत्ति पर 'कुर्की चश्मा' के नोटिस तो चस्पा कर दिए हैं, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी और गबन की गई राशि की पूर्ण वसूली नहीं हो पाई है। रिंकू चौरसिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए सवाल किया कि जब भ्रष्टाचार प्रमाणित है और कुर्की के आदेश हो चुके हैं, तो फिर दोषियों को जेल भेजने में इतनी देरी क्यों?

### सांड का आतंक रियेस्क्यू कर छोड़ा जंगल में



**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों सार्वजनिक स्थलों बाजार चौराहों पर निराश्रित मवेशियों सांडों के कारण हर वर्ग परेशान बना हुआ है। वहीं निराश्रित सांडों का आतंक राह चलते लोगों को मार देने बाइकों पर रखी सामग्री को निकालकर खा लेने गिरा देने जैसी घटनाएं आम बनीं हुई है। विगत दिनों नगर के वार्ड क्रमांक 12 में एक सांड पागल हो जाने के लोगों को मारने उत्पात मचाने के कारण लोगों में भय का माहौल देखने मिल रहा था जिसे लेकर वार्ड के लोगों ने नगर परिषद में शिकायत दर्ज कराई थी। शनिवार को रियेस्क्यू कर उसे पकड़कर जंगल तरफ छोड़ दिया गया है। लोगों के बीच में बना भय खत्म हुआ है।

# गुल्ला बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

तेंदूखेड़ा

विगत दिनों सर्रा क्रिकेट क्लब सीजन 2 के तहत गुल्ला बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम के प्रतिष्ठित सरपंच प्रतिनिधि नारायण सिंह लोधी रमेश शर्मा धीरेन्द्र पुरी गजेन्द्र पुरी और योगेंद्र पुरी की उपस्थिति में किया गया। प्रतियोगिता में एंट्री फीस 2 हजार रखी गई है तथा विजेता टीम को 21500 रुपए तथा उपविजेता टीम को 10500 रुपए साथ में ट्राफी तथा मैन आफ दा मैच सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज सर्वश्रेष्ठ फील्डर का भी खिताब दिया जायेगा। विगत दिनों खिलाड़ियों से परिचय के उपरांत फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

